# शहीद बेलमती चौहान
# राजकीय महाविद्यालय पोखरी
# (क्वीली) टिहरी गढ़वाल

श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल से सम्बद्ध

अल्फान्यूमेरिक कोडः **UK-08-039**

# रा0से0यो0 इकाई के स्वयंसेवियों द्वारा एक दिवसीय शिविरों (नियमित शिविर) के दौरान की गयी गतिविधियों की झलकियां

## सत्रः 2021–22

–:प्रस्तुतकर्ता:–


डॉ. राम भरोसे
कार्यक्रम अधिकारी
रा.से.यो. इकाई, राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल

## 23 जुलाई, 2021, लोकपर्व हरेला के उपलक्ष्य में वृक्षरोपण

दिनांक: **23.07.2021**

महाविद्यालय की एन॰एस॰एस॰ इकाई और समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं द्वारा लोक पर्व हरेला महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में दिनांक 22.07.2021 को स्वच्छता कार्यक्रम व 23.07.2021 को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.







### पोखरी महाविद्यालय परिसर में रोपे 145 औषधीय और फलदार पौधे



नरेंद्रनगर के पोखरी महाविद्यालय में पौधरोपण करते एनएसएस के स्वयंसेवी।

नरेंद्रनगर, 23 जुलाई (स.ह.) : शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय पोखरी के एनएसएस इकाई ने हरेला कार्यक्रम के तहत कॉलेज परिसर में अध्यापक, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने औषधीय और फलदार पौधों का रोपण कर संरक्षण की अपील की। शुक्रवार को आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम का प्राचार्य प्रो. सुमिता श्रीवास्तव ने शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन की उपयोगिता सबसे जरूरी है। पर्यावरण संरक्षण के लिए तीनों बिंदुओं पर स्थानीय लोगों को अधिकार मिले। डा. एके सिंह ने कहा कि बिगड़ते पर्यावरण के लिए सघन पौधरोपण किया जाना चाहिए। संयोजक व कार्यक्रम अधिकारी डा. राम भरोसे ने कहा कि परिसर में 145 पौधे रोपे गए। पौधों की देखभाल करना सभी की जिम्मेदारी है। इस मौके पर मीडिया प्रभारी नरेंद्र बिजल्वाण, सुमन, प्रियंका, प्राची, मनीषा, आकाश, शिवानी, साक्षी, प्रेरणा, डा. सरिता, डा. वंदना सेमवाल, डा. मुकेश सेमवाल, रेखा नेगी, अंकित कुमार, नरेश रावत, सुनीता असवाल, मूर्ति लाल, दीवान सिंह, राजेंद्र मौजूद थे।

### हरेला सप्ताह पर पोखरी महाविद्यालय में संपन्न हुआ स्वच्छता व वृक्षारोपण कार्यक्रम

Anurag Chauhan 'News Word' July 23, 2021



**रिपोर्ट: नरेन्द्र बिजल्वाण,**

**पोखरी, क्वीली(न्यूज़ वर्ड):** महाविद्यालय पोखरी की एनएसएस इकाई और समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं द्वारा लोक पर्व हरेला महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत

# 15 अगस्त, 2021 स्वतंत्रता दिवस 'आजादी का अमृत महोत्सव'

**दिनांक: 15-08-2021**

## शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल में 74 वां स्वतंत्रता दिवस व आजादी का अमृत महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।









टिहरी

**पोखरी मे धूमधाम से मनाया गया 75 वां स्वतंत्रता दिवस**

अगस्त 15, 2021 - 2 MINUTE READ




इसके बाद एनएसएस इकाई के स्वयंसेवियों आँचल और प्रेरणा द्वारा गढ़वाली नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रमों के इसी क्रम में क्रमशः बीए प्रथम वर्ष की छात्राओं अंजली, प्राची, सुमन, सिमरन द्वारा सामूहिक ईश गान गाया है। इसी मध्य आकाश, राजबीर, प्रीति द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में अपने अपने विचार साझा किए। एन॰एस॰एस॰ के स्वयंसेवी किरनदीप अंजवाल ने देशभक्ति गीत गाकर पूरे सभागार को भावुक और ऊर्जामय कर दिया। प्रीति और प्रियंका सामूहिक नृत्य से सभागार तालियों से गूंज उठा।

कार्यक्रम में कुशल मंच संचालन संस्कृत के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ० विवेकानंद भट्ट द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में एन॰एस॰एस॰ अधिकारी डॉ० राम भरोसे ने इस सफल कार्यक्रम हेतु महाविद्यालय परिवार और स्वयंसेवियों का आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि हम जिस आज़ादी का यह महोत्सव मना रहे हैं, वह आज़ादी हमें बहुत बलिदानों से मिली है और यह बलिदान किसी एक समुदाय या समाज से नहीं अपितु सभी ने इस आज़ादी को दिलाने के लिए अपना रक्त बहाया है। आप सभी बच्चे हर मजहब और क़ौम से ऊपर उठकर मानवता की सेवा में अपना जीवन समर्पित करना तभी यह मानव जीवन सफल होगा और आज़ादी का अमृत महोत्सव का अर्थ रहेगा। डॉ० मुकेश सेमवाल ने एक सुंदर देशभक्ति गीत से सभागार को देशभक्ति के भाव से रंग दिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ० सरिता, डॉ. मुकेश सेमवाल, रचना राणा, अंकित कुमार, रेखा नेगी, सुनीता असवाल, दीवान सिंह, मूर्ति लाल, नरेश रावत व राजेन्द्र आदि उपस्थित रहे।





# 09 सितम्बर, 2021 पोषण माह व हिमालय दिवस


**दिनांक: 09- 09-2021**

‘पोषण माह सितम्बर 2021’ के अवसर पर महाविद्यालय की रा०से०यो० इकाई द्वारा दिनांक 09-09-2021 को एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है. जिसका शीर्षक है “उत्तम आहार-उत्तम स्वास्थ”. उक्त विषय पर पोस्टर/चार्ट प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी.















टिहरी

**उत्तम आहार उत्तम स्वास्थ्य को लेकर की गई गोष्ठी**

सितंबर 09, 2021 - 2 MINUTE READ

**Team uklive**

**पोखरी :** पोषण माह सितम्बर 2021’ के अवसर पर महाविद्यालय की रा०से०यो० इकाई द्वारा दिनांक 09-09-2021 को एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है. जिसका शीर्षक है “उत्तम आहार-उत्तम स्वास्थ”. उक्त विषय पर पोस्टर/चार्ट प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी.

इस संगोष्ठी के आयोजनकर्ता व NSS कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राम भरोसे ने कार्यक्रम के बारे में बताते हुए कहा कि कार्यक्रम अध्यक्ष प्रभारी प्राचार्य प्रो० ए.के. सिंह रहे तथा संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ० सरिता देवी (सहायक प्राध्यापक, अर्थशास्त्र) व डॉ० विवेकानंद भट्ट (सहायक प्राध्यापक, संस्कृत) रहे.

डॉ. सरिता देवी ने अपने शोधपरक व्याख्यान में कहा कि अच्छा स्वास्थ्य तभी प्राप्त किया जा सकता है जब हम सुबह जल्ह उठें, योग करें,, हरदिन कम से कम एक शारीरिक गतिविधि करें, पोष्टिक भोजन ग्रहण करें, पर्याप्त नींद लें, पर्याप्त मात्रा में पानी पियें और सबसे महत्वपूर्ण है जंक फ़ूड से बचे. आगे उन्होंने अपने व्याख्यान में कहा कि बच्चे के शुरूआती 1000 दिन पोषण के सुनहरे दिन होते हैं. बिमारियों से बचना है और समाज की बुराइयों से लड़ना है. संगोष्ठी के विशिष्ट वक्ता डॉ. विवेकानंद भट्ट ने अपने शोधपरक व्याख्यान में 'आयुर्वेद में आहार विहार' विषय पर अपनी बात स्वयंसेवियों के समक्ष रखते हुए कहा कि भारतीय चिकित्सा पद्धति में औषधियों के साथ -साथ उपयुक्त आहार विहार को भी विशिष्ट रूप से बताया गया है औषधि जहां व्याधि को सही करने में सक्षम

कार्यक्रम अध्यक्ष व महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रोफ़ेसर ए.के. सिंह ने कहा कि हिमालय भारत की नहीं अपितु पूर्ण विश्व की धरोहर है जिसका संरक्षण किया जाना अति आवश्यक है। साथ ही उन्होंने स्वयंसेवियों को आवाहन किया कि हमें प्रतिदिन अपनी दैनिक व्यवहार में पर्यावरण मित्रता सम्बन्धी (इको फ्रेंडली) आदतों को बढ़ाने पर जोर दें।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का विकास होता है। समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए स्वस्थ होना बेहद अनिवार्य है।

इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के डॉ. मुकेश, डॉ. बंदना, कार्यालय अध्यक्ष रचना राणा, कनिष्ठ सहायक रेखा नेगी, प्रयोगशाला सहायक अंकित कुमार, पुस्तकालय सहायक नरेंद्र बिजल्वाण, नरेश रावत, दीवान सिंह, सुनीता असवाल, मूर्ति लाल आदि उपस्थित रहे।

<u>02 अक्टूबर, 2021 अन्तरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस</u>

**<u>दिनांक: 02- 10-2021</u>**

अन्तरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय पोखरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया.













# 01 दिसम्बर, 2021 'विश्व एड्स दिवस'

दिनांक: 01.12.2021

दिनांक 01.12.2021 को शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 1 दिसम्बर, 2021 विश्व एड्स दिवस मनाया गया। जिसके अंतर्गत कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे द्वारा कई कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं आयोजित करायी गयी। सबसे पहले राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज पोखरी से होते हुए पोखरी बाजार क्षेत्र तक सोशल डिस्टेनसिंग का ध्यान रखते हुए एड्स सम्बन्धी बीमारी से बचने के लिए जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाया। स्वयंसेवियों द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज पोखरी के छात्रों को एड्स सम्बन्धित जानकारी से अवगत कराते हुए जागरूकता सम्बन्धी अलग अलग तख्तियां बनाकर लोगों को एड्स बीमारी से सम्बंधित जानकारी देते हुए क्षेत्रवासियों जागरूक किया। उसके बाद पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विश्व एड्स दिवस से सम्बंधित छात्रों ने पोस्टर बनाये, अंत में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।




स्वयंसेवियों द्वारा तख्ती व स्लोगन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए




विश्व एड्स दिवस के अवसर पर स्वयंसेवियों द्वारा बनाएं गये पोस्टर














**महाविद्यालय के रा0से0यो0 के स्वयंसेवियों द्वारा राजकीय इण्टर कॉलेज पोखरी और पोखरी बाजार में क्षेत्रवासियों को जागरूकता अभियान चलाया गया**

# 17 दिसम्बर, 2021 'स्पर्श गंगा दिवस'

17.12.2021

शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 17 दिसम्बर, 2021 स्पर्श गंगा दिवस मनाने हेतु एक दिवसीय केम्प का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे द्वारा कई कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं आयोजित करायी गयी।

सबसे पहले राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा सामूहिक रूप से लक्ष्य गीत गाया गया।

कार्यक्रम का आरंभ प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह जी के उद्बोधन से हुआ। उन्होंने गंगा की स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि ये नदिया हमारे जीवन का ज़रूरी हिस्सा है और इन्हें साफ-सुथरा रखना हमारा नैतिक उत्तदायित्व है।

उसके बाद पोस्टर प्रतियोगिता और विचार गोष्ठि का आयोजन भी किया गया। जिसमें स्पर्श गंगा दिवस से सम्बंधित छात्रों ने पोस्टर बनाये, अंत में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।







# 12 जनवरी, 2021 राष्ट्रीय युवा दिवस

दिनांक: 12.01.2021

आज राजकीय महाविद्यालय पोखरी, टिहरी गढ़वाल में एन॰एस॰एस॰ इकाई के तत्वाधान में राष्ट्रीय युवा दिवस का अवसर पर महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया जिसके अंतर्गत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम अधिकारी डॉ॰ राम भरोसे ने स्वयंसेवियों सहित लक्ष्य गीत के साथ संगोष्ठी का आरम्भ कराया. उक्त संगोष्ठी की मुख्य अतिथि "रेणु सैनी जी" तहसीलदार, गजा तहसील, टिहरी गढ़वाल ने अपने उद्बोधन में महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को एक वोट की क़ीमत बताते हुए मतदान के महत्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला.








मतदाता जागरूकता से सम्बंधित सभी जानकरियाँ बच्चों से साझा किए. मतदाता पहचान पत्र की महत्व पर भी उन्होंने अपनी बात रखी. प्रशासन के कर्मचारी आशीष एवं प्रीतम जी द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से nvsp पोर्टल के माध्यम से छात्रों को नये ऑनलाइन पहचान पत्र बनाने के लिए कार्यशाला आयोजित की. कार्यक्रम का अंत तहसीलदार महोदया द्वारा मतदाता शपथ दिलाने के साथ किया गया.

# 08 मार्च, 2022 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस'

**दिनांक: 08-03-2022**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के सुअवसर पर महाविद्यालय की एन॰एस॰एस॰ के स्वयंसेवियों द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किये गए. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राम भरोसे ने बताया कि

एन॰एस॰एस॰ स्वयंसेवियों प्राची, अंजलि, मनीषा ने 'इतनी शक्ति हमें देना दाता...' ईश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया. इसके बाद कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत करते हुए महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एवं एन॰एस॰एस॰ के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राम भरोसे ने सर्वप्रथम स्वयंसेवियों को कार्यक्रम की शुभकामनायें दी उसके बाद उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि सम्पूर्ण नारीशक्ति का हमे सम्मान करना चाहिए और स्त्री के साथ गर्भ से शुरू होकर जीवन पर्यन्त चलने वाले भेदभाव को खत्म करने की शुरुआत हमे घर से करनी होगी, बिना खुद से शुरुआत किये काम इस लैंगिक भेदभाव को खत्म नहीं कर सकते.





